प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 23.09.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज मिर्जापुर में 765 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास : कहा– सभी पात्र लोगों को मिलेगा योजनाओं का लाभ।
2. आयुष्मान योजना के 6 साल पूरे होने और सेवा पखवाड़ा के तहत प्रदेशभर में लगाये गये स्वास्थ्य शिविर : निशुल्क जांच और दवाओं का हुआ वितरण।
3. सुल्तानपुर में ज्वैलर्स की दुकान में हुई डकैती में शामिल एक बदमाश यूपीएसटीएफ के साथ मुठभेड़ में मारा गया।

और

4. पीलीभीत में आज पकड़ा गया कई लोगों पर हमला करने वाले बाघ : अमरोहा में तेंदुआ दिखने से लोगों में दशहत।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज मिर्जापुर में 765 करोड़ रुपये की 127 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री ने 15 सौ से अधिक युवाओं को स्मार्टफोन और टैबलेट भी वितरित किये। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ हर वर्ग के लोगों तक पहुंचाने के लिये सरकार प्रतिबद्धता के साथ काम कर

रही है। उन्होंने कहा कि 70 वर्ष से अधिक उम्र के हर बुजुर्ग को आयुष्मान योजना के तहत पांच लाख रुपये तक का स्वास्थ्य लाभ और हर गरीब को राशनकार्ड की सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी। श्री योगी ने कहा कि मिर्जापुर में कई विकास योजनाओं का काम शुरू होने जा रहा है।

बाइट......

*दस वर्ष पहले मिर्जापुर जनपद की क्या स्थिति थी। इस जनपद में कनेक्टिविटी का अभाव था। गरीबों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता था। मां विंध्यवासिनी धाम के पवित्र मंदिर इस पवित्र शक्तिपीठों की क्या स्थिति रहा करती थी। यहां की सड़कों के क्या हालात थे और किस प्रकार से यहां गुंडा राज और माफिया राज हावी था ये किसी से छुपा हुआ नहीं है। बदलते हुए उत्तर प्रदेश को पिछले साढ़े सात वर्ष के अंदर देखा है। बदलते हुए मिर्जापुर को भी आपने महसूस किया होगा। आज मैं भी गौरव की अनुभूति करता हूं क्योंकि मिर्जापुर के पास यहां की पहचान मां विंध्यवासिनी का पावन धाम आज भव्य और दिव्य रूप ले चुका है और पूरे देश और दुनिया के श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है।*

—————————

आयुष्मान योजना के 6 साल पूरे होने और प्रदेश मं चलाये जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत आज सभी जनपदों में प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रो पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। शिविर में 60 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निशुल्क दवा वितरित की गई। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने बताया कि राजधानी लखनऊ में हर विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जहां साढ़े

तीन हजार से अधिक मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई।

बाइट....

*सेवा पखवाड़ा के अवसर पर आयुष्मान भारत योजना के छह वर्ष पूरे होने पर पूरे प्रदेश में हर विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया है। जिसमें साठ वर्ष से ऊपर के हमारे जो भाई बहन है जो सीनियर सिटीजन है सभी की निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण करके उनको जो भी दवाइयों की आवश्यकता है या उनको उच्च कोटि की अन्य किसी चिकित्सालय में स्वास्थ्य संबंधी कोई दिक्कत है उसको हम लोग व्यवस्थित ढंग से एक–एक मरीज के स्वास्थ्य का परीक्षण करके उनको पूरा करने का काम स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से हम करेंगे।*

महराजगंज में स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन करते हुए केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने बताया कि अब तक इस योजना के माध्यम से एक लाख करोड़ रुपये की दवा का लाभ गरीब परिवारों को मिल चुका हैं।

गाजियाबाद के डासना सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में आयोजित स्वास्थ्य शिविर का प्रदेश सरकार के मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सभी को समय–समय पर अपने स्वास्थ्य की जांच कराते रहना चाहिये, ताकि बीमारियों का समय पर सही इलाज हो सके।

हापुड़ में क्षेत्रीय विधायक विजयपाल आढ़ती ने स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन किया। मेले में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुमित त्यागी ने स्वास्थ्य विभाग की जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को विस्तार से जानकारी दी।

——————————

नीट स्नातकोत्तर परीक्षा दो हजार चौबीस के लिए काउंसिलिंग की प्रक्रिया आज से शुरू हो गई है। इस परीक्षा में सफल अभ्यर्थी आज से 28 सितम्बर की शाम पांच बजे तक ऑनलाइन पंजीकरण कर सकेंगे। विस्तृत जानकारी के लिए अभ्यर्थी आधिकारिक वेबसाइट डीजीएमई डॉट यूपी डॉट जीओवी डॉट इन और यूपीनीट डॉट जीओवी डॉट इन का अवलोकन कर सकते ह।

—————————

सरकार ने देशभर के विभिन्न कोचिंग संस्थानों में संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान और अन्य प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के लिए दाखिला ले चुके विद्यार्थियों को एक करोड़ से अधिक रूपए लौटाने में सुविधा प्रदान की है। उपभोक्ता कार्य विभाग ने आज बताया कि छह सौ 56 से अधिक विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन–1915 पर अपनी शिकायत दर्ज करके कोचिंग केंद्रों और निजी संस्थानों से अपनी धनराशि लौटाने की मांग की थी। इनमें से ज्यादातर शिकायतें छात्रों ने कोचिंग संस्थानों के खिलाफ गलत वायदे करने, पाठ्यक्रमों को रद्द करने और नामांकन शुल्क वापस नहीं करने से संबंधित थी। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने विशेष अभियान चलाकर छात्रों को लगभग एक करोड़ रुपये बिना मुकदमे के वापस दिलाये।

—————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————

ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में 25 से 29 सितम्बर के बीच यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के दूसरे संस्करण का आयोजन किया जायेगा, जहां कौशल, रोजगार और उद्यमिता के प्रमुख क्षेत्रों की गतिविधियों और उपलब्धियों का प्रदर्शन किया जायेगा। 25 सितम्बर को उद्घाटन सत्र में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल होंगे। प्रदेश के व्यवसायिक शिक्षा, कौशल विकास राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने आज लखनऊ में पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन न केवल उत्तर प्रदेश के युवाओं को वैश्विक मंच पर लाने का माध्यम है, बल्कि उनके हुनर को दुनिया के सामने पेश करने का भी एक अनूठा अवसर होगा।

————————

सुल्तानपुर में एक ज्वैलर्स की दुकान में हुई डकैती से संबंधित बदमाशों और यूपी एसटीएफ के बीच आज उन्नाव के थाना अचलगंज क्षेत्र में हुई मठभेड़ में एक बदमाश मारा गया, जबकि दूसरा मौके का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। यू पी एस टी एफ के चीफ और एडीजी लॉ एंड ऑर्डर अमिताभ यश ने आज लखनऊ में यह जानकारी देते हुए बताया कि मुठभेड़ के दौरान एक घायल बदमाश की अस्पताल में चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। मृतक बदमाश की पहचान अनुज प्रताप सिंह निवासी जनपद अमेठी के रूप में हुई है।

———————

पीलीभीत टाइगर रिजर्व के जंगलों से निकलकर कई लोगों पर हमला करने वाले बाघ को आज पीटीआर की टीम ने टिंकुलाइज करके पकड़ लिया है। हमारे प्रतिनिधि ने बताया कि पकड़े गये बाघ को पिजंड़े में बंद करके वन विभाग के विश्राम गृह परिसर में रखा गया है। प्रभागीय वन अधिकारी मनीष सिंह ने बताया कि शासन के आदेश पर इसे किसी जंगल या चिड़ियाघर में छोड़ा जायेगा। बाइट.....

*पिछले चार महीनों में मथना जप्ती, बहरो कला बांसखेड़ा के आसपास बाघ के हमलों में तीन व्यक्तियों की मृत्यु हुई थी जो बाघ इन हमलों में शामिल था उसकी पहचान के लिए वन विभाग द्वारा विभिन्न स्थानों पर कैमरा लगाए गए थे और दिनांक नौ सितम्बर दो हजार चौबीस को जो आखिरी हमला हुआ था उसमें इस बाघ की पहचान हुई थी क्योंकि बाघ ने हमला करके उस व्यक्ति को मारा है उसी क्रम में उच्च स्तर से परमिशन*

*लेकर के उस बाघ को आज सक्सेसफुली ट्रेंकुलाइज कर लिया गया है। बाघ आठ साल का नर है और स्वस्थ है एकदम और उसके चारों...... इंटेक्स है और कोई डिफॉरमेटी नहीं है।*

उधर, अमरोहा में इन दिनों कई स्थानों पर तेंदुएं दिखने से लोगों के दहशत का माहौल है। डीएफओ एसपी सिंह ने बताया कि तेंदुएं को पकड़ने के लिये जिले में चार स्थानों पर पिंजरे लगाये गये हैं और लोगों को सतर्कता बरतने के लिये कहा गया है।

—————————

सहारनपुर के सरकारी स्कूलों में मिड डे मील तैयार करने वाली चार हजार से अधिक रसोईमाताओं के मानदेय के लिये शासन ने दो करोड़ रुपये से अधिक की राशि जारी कर दी है। पिछले पांच माह से इन्हें मानदेय नहीं मिल रहा था।

—————————

पर्यटन विभाग ने पर्यावरण संरक्षण के लिये ईको पर्यटन स्थलों के अन्दर प्लास्टिक की बोतलें लेकर जाने पर प्रतिबंध लगाने की तैयारी शुरू कर दी है। इसके तहत क्यूआर कोड लगाकर प्लास्टिक की बोतलों को पर्यटकों से जमा करवाया जायेगा और पर्यटन स्थल के बाहर आने पर उन्हें बोतलें वापस कर दी जायेंगी। साथ ही विभाग की तरफ से पर्यटकों का पर्यावरण संरक्षण के लिये जागरूक

किया जायेगा। इस बारे में पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने विभाग को निर्देश जारी कर दिये हैं।

—————————

आंध्र प्रदेश के तिरुपति मंदिर प्रसाद मामले के बाद अब लखनऊ के मशहूर मनकामेश्वर मंदिर में भी बाजार से लाए गए प्रसाद पर रोक लगा दी गई है। भक्तों से कहा गया है कि घर में बना प्रसाद या सूखे मेवे ही गर्भ ग्रह में चढ़ाए। यह व्यवस्था आज से लागू हो गई। मंदिर के विशेष कार्य अधिकारी जगदीश गुप्ता ने इस बात की जानकारी देते हुए बताया कि मंदिर को महंत दिव्या गिरी ने बाहर से लाये गए प्रसाद पर प्रतिबंध लगा दिया है। इस संबंध में महंत दिव्या गिरी ने आज लखनऊ के जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार को एक ज्ञापन भी सौंपा।

(समाप्त)